# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

## महेन्द्रगढ़

सं. हकेंविवि / रा.भा. / 30 / 380 / 2018 दिनांक – 05.09.2018

## परिपत्र

**विषय : विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन**

1. सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विश्वविद्यालय में 10.09.2018 से 24.09.2018 तक हिंदी पखवाड़ा–2018 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संबंधी समस्त विवरण संलग्न हैं।

2. इस पखवाडे में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएँ आयोजित होनी हैं। इसमें भाग लेने के इच्छुक संकाय सदस्य, कर्मचारी तथा छात्र संलग्न फार्म भरकर दिनांक 10.09.2018 को दोपहर 12:00 बजे तक राजभाषा अनुभाग, भूतल, शैक्षणिक खंड–3 में जमा करा दें।

**समन्वयक**

**प्रति सूचनार्थ प्रेषित –**

**1-** सभी संकाय–अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं अनुभाग प्रभारी।
**2-** कुलपति के निजी सहायक (कुलपति महोदय के सूचनार्थ)
**3-** कुलसचिव के निजी सहायक (कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ)
**4-** सिस्टम एनालिस्ट (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
**5-** सभी सूचना–पट्ट

**समन्वयक**

## हिंदी पखवाड़ा - 2018 : कार्यक्रम

| तिथि व समय | कार्यक्रम | स्थल |
|---|---|---|
| 10.09.2018<br>11:00 पूर्वाह्न | उद्‌घाटन समारोह एवं<br>'विज्ञान और हिंदी' विषय पर कार्यशाला<br>(जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 12.09.2018<br>02:00अपराह्न | स्वरचित कविता पाठ<br>(विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय स्टाफ के लिए) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 13.09.2018<br>11:00पूर्वाह्न | तत्क्षण वक्तव्य प्रतियोगिता<br>(शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 14.09.2018<br>11:00 पूर्वाह्न | 'पुस्तकालय विज्ञान में हिंदी का प्रयोग एवं महत्व' विषय पर कार्यशाला<br>(केन्द्रीय पुस्तकालय तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहयोग से) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 18.09.2018<br>10:00 पूर्वाह्न | 'मेरे प्रिय शिक्षक' विषय पर निंबध प्रतियोगिता (कक्षा 5–8 तक के विद्यार्थियों के लिए) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 19.09.2018<br>10.30 पूर्वाह्न<br><br>02:00अपराह्न | स्लोगन प्रतियोगिता<br>(ह.के.विवि. के विद्यार्थियों के लिए)<br><br>कहानी लिखो प्रतियोगिता<br>(ह.के.विवि. के विद्यार्थियों के लिए) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 20.09.2018<br>10:30 पूर्वाह्न | 'शिक्षण में माध्यम भाषा का महत्व' विषयक निबंध प्रतियोगिता<br>(ह.के.विवि. के विद्यार्थियों के लिए) | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |
| 24.09.2018<br>11:30 पूर्वाह्न | समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह | कमरा स. 07<br>ब्लॉक स. –3 |

## नियम एवं शर्तें

1- प्रत्येक प्रतियोगिता में अधिकतम चार पुरस्कार दिए जाएँगे जो निम्नानुसार होंगे –

| | |
|---|---|
| प्रथम | रू 1500/– |
| द्वितीय | रू 1200/– |
| तृतीय | रू 1000/– |
| सांत्वना | रू 800/– |

2- यदि किसी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की संख्या 10 से कम है तो उस प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार नहीं दिया जाएगा ।

3- कविता पाठ प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्र तथा कर्मचारी भाग ले सकेंगे। इसके लिए कविता का स्वरचित होना आवश्यक है। अन्य किसी कवि की कविता मान्य नहीं होगी। एक प्रतिभागी को अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा।

4- तत्क्षण वक्तव्य प्रतियोगिता केवल शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए है। इसके लिए निम्नलिखत आठ विषय निर्धारित हैं –

1- मेरे प्रिय लेखक
2- मेरी प्रिय पुस्तक
3- भाषा और संस्कृति का अंतर्संबंध
4- हिंदी को राष्ट्रभाषा कैसे बनाया जाए
5- हिंदी
6- अनुवाद का महत्व
7- कार्यालयों को अंग्रेजी से मुक्त कैसे किया जाए
8- आपको हिंदी क्यों अच्छी लगती है ?

उपर्युक्त सभी विषय सभी प्रतिभागियों के समक्ष रखे जाएंगे । प्रतिभागी किसी एक विषय का चयन लॉटरी से करेगा। उसी विषय पर अधिकतम 5 मिनट बोलने का समय दिया जाएगा। 3 मिनट पर एक चेतावनी घंटी बजेगी। 5 मिनट पर अंतिम घंटी बजेगी।

5- **'मेरे प्रिय शिक्षक'** विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित है। इसमें केवल विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के सरकारी विद्यालयों के कक्षा पांचवी से आठवीं तक के छात्र भाग ले सकेंगे। इसमें प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम चार प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। समयावधि 60 मिनट की होगी।

6- **स्लोगन प्रतियोगिता** में विश्वविद्यालय के छात्र भाग ले सकेंगे। समय 20 मिनट का होगा एवं शब्द सीमा 15 शब्दों की होगी। प्रतिभागी को दिए गए तीन विषयों में से किसी एक पर स्लोगन लिखना होगा।

7- **कहानी लिखो प्रतियोगिता** विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए है। यह प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी। विषयवस्तु एवं प्रतिपादन के लिए 50–50 अंक होंगे। समयावधि डेढ़ घंटे की होगी । इसके लिए पांच विषय दिए जाएंगे, उनमें से किसी एक पर कहानी लिखनी होगी।

8- विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु **'शिक्षण में माध्यम भाषा का महत्व'** विषय पर निबंध प्रतियोगिता 100 अंकों की होगी जिसकी समयावधि 2 घंटे होगी एवं शब्द सीमा 1200–1500 होगी। हस्तलेखन के 20, शुद्धलेख के लिए 20 तथा विषय वस्तु के प्रतिपादन के लिए 60 अंक होंगे।

नोट – **किसी भी प्रतियोगिता के समय अथवा स्थान में निर्णायकों/समन्वयक की अनुमति से परिवर्तन संभव है। निर्णायक(कों) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।**

# हिंदी पखवाड़ा-2018

## नामांकन हेतु आवेदन पत्र

प्रतिभागी का नाम : ..........................................................................

पिता/माता/पति का नाम : ..................................................................

जन्म तिथि : ................................ उम्र : ................................

विद्यार्थी/कर्मचारी : ..........................................................................

विभाग / कार्यालय : ..........................................................................

मोबाइल नंबर : ..............................................................................

ई-मेल : ......................................................................................

किन प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं –

| क्रम सं. | तिथि | प्रतियोगिता का नाम |
|---|---|---|
| १. | ................ | ............................................ |
| २. | ................ | ............................................ |
| ३. | ................ | ............................................ |
| ४. | ................ | ............................................ |
| ५. | ................ | ............................................ |
| ६. | ................ | ............................................ |

## घोषणा

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए मैं केवल अपनी स्वयं की रचना का ही उपयोग करूंगा। किसी अन्य की कविता/कहानी पाये जाने पर समिति कार्रवाई करने को स्वतंत्र होगी।

दिनांक :

प्रतिभागी के हस्ताक्षर